Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a factory to make powder of potato crop in Ferozabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद से आता

हूं । महत्वपूर्ण विषयों में से एक महत्वपूर्ण विषय किसानों की आर्थिक स्थिति का है । देश की 80 प्रतिशत जनता गांवों में निवास करती है, जिसमें से 60 प्रतिशत जनता खेतिहर किसान है । किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है । उनके पास खाने के लिए पैसा नहीं है । हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा किया है, इसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में किसानों की मुख्य खेती आलू है । सिरसागंज नगर में 70 से 80 कोल्ड स्टोरेज हैं । किसान अपनी खेती में सामर्थ्य से अधिक लागत लगाकर आलू पैदा करता है, लेकिन उसे उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त नहीं होता है । न जाने क्या कारण है कि आलू का निर्यात नहीं हो पाता है और किसान बरबादी के कगार पर पहुंचने के लिए बाध्य हो जाता है ।

महोदय, मेरा सुझाव है कि अगर सिरसागंज क्षेत्र में आलू पाउडर बनाने की फैक्टरी स्थापित कर दी जाए, तो किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकती है और वह बरबादी के कगार से बच सकता है ।